छात्राओं को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



रतिया। राजकीय महाविद्यालय रतिया में सात दिवसीय शिविर में जल संरक्षण पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी को अध्यक्षता में जल स्टार एडवोकेट रमेश गोयल ने जल संरक्षण पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं से कहा कि नहाने के समय, ब्रश करते समय, गाड़ी धोते समय व रसोई में कार्यों के दौरान पानी का दुरुपयोग न करें। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि स्वयंसेविकाओं को जल बचाने के लिए प्राचार्य ने शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी प्रो. सीमा सिरोही ने जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रो. प्रियंका मेहरा ने सोशल मीडिया के प्रयोग के विषय में जागरूक किया। संवाद